INDIAN SCHOOL SOHAR
SUMMATIVE ASSESSMENT 2 (2015-16)
SUBJECT: HINDI

Class : VI — **Time : 2 Hours**

Date : 16-3-2016 — **Marks : 60**

सामान्य निर्देश : (1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग और घ। चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(2) इस प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

खंड -क (अपठित)

प्रश्न **1** – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए। (6)

देश के राष्ट्रीय संग्रहालयों में बच्चों के खिलौने देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि इस मंच पर दुनिया के बच्चे भाई भाई हैं, क्योंकि ये खिलौने एक-दूसरे से बहुत मिलते जुलते हैं। इसी तरह बच्चों के खेल भी, चाहे वे उस के हों या लिथुआनिया के, इटली के हों या रूस के, चीन के हों या भारत के, इनमें बड़ा मेल नज़र आएगा। किंतु इसे देखने के लिए आँखें चाहिए। इन खिलौनों और खेलों में उनको मानवता के दर्शन होते हैं - एक प्रकार से जय पताका फहराते हुए। इसे समझने के लिए उतनी बुद्धि तो अवश्य चाहिए जितनी बुद्धिमानी से बच्चे इनसे खेलते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश में से दो भाववाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए।

(ख) राष्ट्रीय संग्रहालयों में बच्चों के खिलौने देखकर क्या अनुमान लगाया जा सकता है ?

(ग) विभिन्न देशों के खिलौनों और खेलों में कौन सा बड़ा मेल दिखाई पड़ता है ?

(घ) उपर्युक्त गद्यांश में से दो व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए।

(ङ) 'मानवता' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(च) 'खिलौना' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

खंड –ख (व्याकरण)

प्रश्न **2** – दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए - परिक्षा, डाक्टर (1)

प्रश्न **3** – दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए - सर्प, अग्नि (1)

प्रश्न **4** – रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर पुन: वाक्य लिखिए। (2)

(क) <u>बच्चा</u> बगीचे में खेल रहा था। (ख) <u>लड़की</u> काम में मदद करती है।

प्रश्न **5** – दिए गए वाक्यों की वर्तनी शुद्ध कीजिए।

(क) मेरे को पढ़ना है। (ख) दिल्ली में देखने योग्य अनेक दर्शनीय स्थान है। (2)

प्रश्न **6** – (i) निम्नलिखित वाक्यों के क्रिया भेद लिखिए (2)

(क) दादाजी अखबार पढ़ रहे हैं।

(ख) मछलियाँ जल में तैर रही हैं।

(ii) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - वृष्टि, उद्यम (2)

(iii) दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए - काल, दंड (2)

(iv) निम्नलिखित प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। (2)

(क) चित्र बनाने की कला (ख) जिसके किसी अंग में दोष हो ।

(v) रेखांकित शब्दों के सर्वनाम भेद लिखिए। (2)

(क) <u>कोई</u> नहीं आया।

(ख) <u>यह</u> कौशल की कलम है।

प्रश्न **7** – निम्नलिखित वाक्यों के कारक - भेद लिखिए । (2)

(क) शशांक रंगों से चित्र बनाने लगा ।

(ख) छोटे-छोटे बच्चों ने मंच पर नाटक प्रस्तुत किया ।

खंड □ग (साहित्य)

प्रश्न 8 □निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (5)

असहाय□प्रकृति □कंचन □अनुसंधान □कृतज्ञता

प्रश्न 9 □निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (4)

शहज़ादी □नुमाइश □गले का हार बनना □कान खड़े होना

प्रश्न 10 □निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। □5□

भारत त्योहारों का देश है।यहा□खुशी और उपलब्धि का हर अवसर उत्सव या त्योहार के रूप में मनाया जाता है।दक्षिण भारत में मनाए जानेवाले कृषि पर्वों में पोंगल का विशेष महत्त्व है।तमिलनाडु राज्य में धान की फसल कटने की खुशी में पोंगल का त्योहार मनाया जाता है।

पोंगल जनवरी मास के मध्य में मनाया जाता है।यह तमिल कैलेन्डर के अनुसार तई नामक मास की प्रथमा को मनाया जाता है।यह सूर्य के उत्तरायण के आरंभ का द्योतक है।माना जाता है कि इस दिन से सूर्य भूमध्य रेखा से उत्तर दिशा की ओर जाने लगता है।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए□

(क) पोंगल कब मनाया जाता है□

(ख) पोंगल का त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है।□

(ग) त्योहार क्यों मनाए जाते हैं □

(घ) पोंगल पर सूर्य भूमध्य रेखा से किस दिशा में प्रवेश करता है□

(ड़) भारत में मनाए जानेवाले किन्हीं दो कृषि पर्वों के नाम लिखिए।

प्रश्न 11 □निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों के</u> उत्तर संक्षेप में लिखिए। (2)

(क) राजवर्मन के राज्य की प्रजा कैसी थी □

(ख) आम की बगिया में कोयल क्या कर रही थी □

(ग) बाबा आमटे का पूरा नाम क्या था□

प्रश्न 12 □निम्नलिखित में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों के</u> उत्तर विस्तार में लिखिए। (10)

(क) मुखिया को मुख के समान क्यों होना चाहिए □

(ख) रविवर्मन कैसा राजा था और उसके कारण राज्य को क्या नुकसान पहुंचा□ □

(ग) पोंगल पर्व पर बैलों और औजारों को महत्त्व देने का क्या कारण है □

(घ) आम की बगिया लगानेवाले को गांववाले सनकी क्यों समझते थे □

(ड़) बाबा आमटे की मां उन्हें खिलौने से क्या सिखाना चाहती थी □

खंड □घ (लेखन)

प्रश्न 13 □निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय</u> पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

(क) मीठी वाणी बोलिए (ख) वृक्ष □हमारे सच्चे मित्र (ग) स्वच्छ भारत

प्रश्न 14 □क्रिकेट कोचिंग में भाग लेने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रार्थर्ना पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपनी दीदी को पत्र लिखकर बताइए कि इस बार कक्षा में आप प्रथम आए हो।

****